प्रो. बालकृष्ण शर्मा
कुलपति
Prof. Balkrishna Sharma
Vice Chancellor

विक्रम विश्वविद्यालय
नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्रदत्त
उज्जैन (म.प्र.) 456010 भारत
दूरभाष : 0734-2514270 (कार्यालय)
: 0734-2512856 (निवास)
फेक्स : 0734-2514276
VIKRAM UNIVERSITY
Accredited 'A' Grade by NAAC
Ujjain - 456010 (M.P.) India
Phone : 0734-2514270 (Off.)
: 0734-2512856 (Res.)
Fax : 0734-2514276
E-mail : vcvikramujn@gmail.com
Website : www.vikramuniv.ac.in

## कोरोना वायरस – कोविड 19 के संक्रमण से बचाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश एवं अपील

वर्तमान विश्व कोरोना वायरस – कोविड 19 के बढ़ते प्रभावस्वरूप उत्पन्न महामारी के प्रकोप से पीड़ित है। इस अत्यन्त घातक वायरस के संक्रमण की रोकथाम, इलाज और इससे जुड़ी भ्रांतियों के निराकरण और ऐहतियात के उपायों को लेकर व्यापक जागरूकता आवश्यक है। इस दिशा में भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं। इसी प्रकार विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ, यूजीसी एवं अन्य निकायों द्वारा समय–समय पर विशेष दिशा निर्देश जारी किये जा रहे हैं। इस विषम परिस्थिति में शासन–प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के तारतम्य में निम्नानुसार आवश्यक दिशा निर्देश दिये जाते हैं। इनका समुचित पालन करवाने हेतु त्वरित कार्यवाही करने का कष्ट करें।

- कोरोना वायरस के संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिये स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा समय–समय पर जारी किये गये दिशा निर्देशों को लोगों तक पहुंचाने के लिये प्रयास करते हुए योगदान करें।
- जब तक बहुत आवश्यक न हो घर से बाहर ना निकलें। लॉक डाउन का सख्ती से पालन करें और यदि किसी अति आवश्यक कार्य से बाहर निकलना पड़े तो मुंह पर मास्क या साफ कपड़ा बाँध कर निकलें। निर्देशानुसार सोशल डिस्टेंसिंग (सामाजिक पृथकता) बना कर रखें। भीड वाले स्थानों से बचें। इस दौरान चेहरे को हाथों से बिल्कुल न छुएँ। वापस घर आने पर अपने हाथों को साबुन से अच्छी तरह से बीस सेकण्ड तक धोएं। पहने हुए कपड़ों को भी बदलकर साफ कपड़े पहनें।
- अपने हाथों को प्रत्येक लगभग आधे घण्टे में साबुन से धोते रहें। अपनी आंखों, नासिका एवं मुँह को न छुएँ। प्रायः स्पर्श की जाने वाली सतहों को साफ और रोगाणु मुक्त रखें। घर में लाई गई सब्जी एवं फलों को नमक युक्त गरम पानी से धोएँ। स्वास्थवर्धक आदतें डालें, जैसे पर्याप्त निद्रा, शारीरिक सक्रियता, तनाव प्रबंधन, पोषक आहार, पर्याप्त तरल पदार्थ पीना आदि।
- जैसा आप सभी को विदित होगा कि हमारे क्षेत्र में कोरोना वायरस के कुछ केस मौजूद हैं। डॉक्टरों और विशेषज्ञों की टीम इनकी लगातार निगरानी कर रही हैं। इस संक्रामक रोग का प्रमुख कारण किसी प्रत्यक्ष अथवा निहित लक्षणों वाले संक्रमित व्यक्ति से समीप सम्पर्क में आना है। विश्वविद्यालय द्वारा ऐहतियात के लिये अनेक कदम जैसे परीक्षाओं को आगे बढाना, शिक्षण स्थगित करना, छात्रावासों को खाली कराना एवं सम्पूर्ण शैक्षिक संस्थानों में लॉकडाउन आदि उठाये जा चुके हैं। अतः शैक्षिक परिसर एवं समुदाय से जुड़े सभी लोगों से आग्रह है कि इस महामारी की रोकथाम के लिये स्थानीय प्रशासन, राज्य शासन एवं केन्द्र शासन द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशों का पूर्ण पालन करें।
- कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिये लॉक डाउन के दौरान भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों के लिये प्रदान की जा रही सुविधाओं के अन्तर्गत मुफ्त खाद्यान्न–गेहूँ, चावल, दाल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी हितग्राहियों तक आवश्यक रूप से पहुँचाएँ, जिससे इस मुश्किल घड़ी में गरीबों और असहायों की अधिक से अधिक सहायता हो सके एवं इस संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।

- वर्तमान में कुछ छात्र–छात्राएं एवं शोधार्थी लॉक डाउन के दौरान अपने घर से दूर विश्वविद्यालय के होस्टल तथा अन्य स्थानों में निवासरत हैं। इन्हें खाने–पीने, स्वास्थ्य तथा रहने में कोई दिक्कत ना हो। अतः मानवीय आधार पर इनसे संपर्क स्थापित कर इनके भोजन, स्वास्थ्य तथा रहने की समुचित व्यवस्था की जानकारी प्राप्त करें। छात्रावास में निवासरत छात्र–छात्राओं से निरन्तर संपर्क में रहें।
- सोश्यल मीडिया जैसे– व्हॉट्सएप, फेसबुक आदि पर कोरोना वायरस के लक्षण, बचाव आदि से जुड़े हुए भ्रामक एवं फेक सन्देशों पर भरोसा ना करें। साथ ही दूसरों को भी जागरूक करें। केवल स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार एवं प्रदेश शासन द्वारा जारी किये गये कोरोना वायरस के लक्षण एवं बचाव संबंधी निर्देशों का पालन करें। इस संबंध में विक्रम विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाईट www.vikramuniv.ac.in पर दी गई लिंक्स का लाभ लिया जा सकता है।
- सभी शिक्षक विद्यार्थियों को लॉक डाउन के दौरान पढ़ाई से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन मोबाईल, ई–मेल, व्हॉट्सएप, फेसबुक एवं अन्य इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से निरन्तर प्रदान करते रहें और उनसे संपर्क बनाए रखें। साथ ही विद्यार्थियों को यह मार्गदर्शन दें कि उनसे जुड़े हुए आस–पास के लोगों को कोरोना वायरस के संक्रमण, लक्षण एवं बचाव से संबंधित जानकारी प्रदान कर जागरूकता फैलाने में सहयोग करें।
- मानवता की दृष्टि से सभी शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आग्रह है कि इस कठिन समय में आपके आस–पास एवं पड़ोस में रहने वाले जरूरतमंद लोगों की आवश्यकता के अनुसार अधिक से अधिक सहायता करें। जिससे इस महामारी में मानवता की सेवा का पालन हो सकेगा।
- राजभवन द्वारा दिनांक 26 मार्च 2020 को जारी पत्र के परिपालन में विक्रम विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने संकट की इस घड़ी में मुख्यमंत्री सहायता राहत कोष में अपना एक दिवस का वेतन सहयोग राशि के रूप में अर्पित करने का निर्णय लिया है। इसी प्रकार अन्य लोगों को भी प्रेरित करें।
- प्रत्येक महाविद्यालय, अध्ययनशाला एवं संस्थान के प्रमुख एवं शिक्षकगण अपने अध्ययनरत विद्यार्थियों से उनके ई–मेल एवं मोबाइल नं. के माध्यम से संपर्क में रहें। आवश्यक संदेश ई–मेल, व्हॉट्सएप, एसएमएस आदि के माध्यम से प्रेषित करें।
- यदि परिसर या समुदाय के किसी व्यक्ति में इस संक्रमण के लक्षण उभरते हैं तो अविलंब डॉक्टर, सहायता केन्द्र या हेल्प लाईन से संपर्क करें। चिकित्सक के परामर्श से ही दवाइयों का सेवन करें।

विश्वास है सभी की सक्रिय सहभागिता एवं जागरूकता से इस वैश्विक आपदा का निराकरण संभव हो सकेगा।

**प्रो. बालकृष्ण शर्मा**

**कुलपति**

प्रति,

समस्त प्राचार्य / विभागाध्यक्ष / निदेशक, संबद्ध महाविद्यालय / अध्ययनशाला / संस्थान की ओर कोरोना वायरस कोविड 19 के संबंध में शिक्षकगण, कर्मचारियों, छात्र–छात्राओं और समुदाय में व्यापक जागरूकता हेतु प्रेषित।